Title: Need to ensure LTC benefits to the employees of Bharat Coking Coal Ltd.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : महोदय, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के श्रमिकों एवं कर्मचारियों को भारत भ्रमण के लिए एल.टी.सी. (अवकाश प्राप्त यात्रा प्रमाण पत्र) मिलता है, परंतु कई वर्षों से कंपनी के कर्मचारियों और मजदूरों को इस सुविधा से वंचित रखा जा रहा है। एल.टी.सी. और एल.एल.टी.सी. के एवज में कर्मचारियों और मजदूरों को नकद राशि का भुगतान किया जाता है, परन्तु बी.सी.सी.एल. द्वारा इस राशि का भुगतान कई वर्षों से नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में मैंने मामला लोक सभा में भी उठाया, परन्तु भारत कोकिंग कोल लिमिटेड और सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक न कोई कार्रवाई की जा सकी है या जवाब मिला है।

अतः सरकार से आग्रह है कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के मजदूरों और कर्मचारियों को एल.टी.सी. एवं एल.एल.टी.सी. के बकाया राशि का शीघ्र भुगतान कराने हेतु निर्देश जारी किया जाए और बकाया राशि के भुगतान नहीं करने वाले अधिकारियों को दंडित किया जाए।